समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Wednesday, 23 September 2026

# IND vs AFG: अफगानिस्तान वनडे सीरीज से बाहर हुए हार्दिक पंड्या, फिटनेस टेस्ट पास करने के बाद आई चोट की खबर

Sanket Morankar Published on 10 Jun 2026




भारतीय क्रिकेट टीम को अफगानिस्तान के खिलाफ आगामी वनडे सीरीज से पहले बड़ा झटका लगा है। स्टार ऑलराउंडर **हार्दिक पंड्या** चोट के कारण पूरी वनडे सीरीज से बाहर हो गए हैं। हाल ही में फिटनेस टेस्ट पास करने वाले हार्दिक के पैर में मोच आने की खबर सामने आई है, जिसके चलते उन्हें आराम की सलाह दी गई है।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार हार्दिक पंड्या के पैर में लो-ग्रेड मोच आई है। मेडिकल टीम ने स्थिति को देखते हुए उन्हें कम से कम दो सप्ताह तक पूर्ण आराम करने की सलाह दी है। इसके चलते वह निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार भारतीय टीम से नहीं जुड़ पाएंगे।

भारत और अफगानिस्तान के बीच वनडे सीरीज की शुरुआत 13 जून से होनी है। सीरीज का पहला मुकाबला धर्मशाला में खेला जाएगा। हार्दिक पंड्या को 11 जून को टीम इंडिया के कैंप से जुड़ना था, लेकिन चोट के कारण उनकी वापसी फिलहाल टल गई है।

बताया जा रहा है कि हार्दिक वर्तमान में **बीसीसीआई के सेटंर ऑफ एक्सीलेसं, बेगंलुरु** में मेडिकल टीम की निगरानी में रहेंगे। चिकित्सकों का मानना है कि चोट गंभीर नहीं है, लेकिन यदि इस दौरान जल्दबाजी की गई तो समस्या बढ़ सकती है। इसी कारण उन्हें मैदान से दूर रहने की सलाह दी गई है।

हार्दिक पंड्या भारतीय टीम के सबसे महत्वपूर्ण ऑलराउंडरों में शामिल हैं। उनकी अनुपस्थिति टीम इंडिया के संतुलन को प्रभावित कर सकती है, क्योंकि वह बल्लेबाजी, गेंदबाजी और फील्डिंग तीनों विभागों में अहम योगदान देते हैं।

टीम प्रबंधन अब उनकी फिटनेस पर लगातार नजर बनाए हुए है और उम्मीद की जा रही है कि वह जल्द ही पूरी तरह स्वस्थ होकर मैदान पर वापसी करेंगे। हालांकि फिलहाल अफगानिस्तान के खिलाफ वनडे सीरीज में उनका खेलना संभव नहीं होगा।

भारतीय क्रिकेट प्रशंसकों के लिए यह निराशाजनक खबर है, लेकिन टीम और मेडिकल स्टाफ का प्राथमिक लक्ष्य हार्दिक को पूरी तरह फिट कर आगामी महत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों के लिए तैयार रखना है।

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Sanket Morankar, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsoever.